# चम्पारण ज्ञानाग्रह

**प्रार्थना-सभा सामग्री, दिनांक– 09 मार्च 2026, अंक –232.**

**प्रस्तुतिः- GOVT. PS बोदसर, बगहा-2, प. चम्पारण (10010803702)**

**सौजन्य :- "TEACHERS OF BIHAR - THE CHANGE MAKERS."**




"अभ्यास वह सीढ़ी है जो साधारण को असाधारण बना देती है।" — स्वामी विवेकानंद



विद्यार्थियों की बौद्धिक और नैतिक उन्नति की ओर....

**संपादकः- शैलेन्द्र कुमार**



अनुभाग-1

# "प्रार्थना-सभा सामग्री"

## Monday Prayer

सुबह सवेरे लेकर तेरा नाम प्रभु,
करते हैं हम शुरु आज का काम प्रभु।

सदा हमारे सिर पर तेरा हाथ रहे,
हर सुख-दुख संकट में तेरा साथ रहे,
हां, हर सुख-दुख संकट में तेरा साथ रहे;
खुशियों का हो जीवन में आयाम प्रभु,
करते हैं हम शुरु आज का काम प्रभु।
सुबह सवेरे लेकर तेरा.....

मिलकर इस धरती को चमन बनाएं हम,
गांधी, गौतम, रामकृष्ण बन जाएं हम।
हां, गांधी, गौतम, रामकृष्ण बन जाएं हम;
यही हमारा हो हरदम पैगाम प्रभु,
करते हैं हम शुरु आज का काम प्रभु।
सुबह सवेरे लेकर तेरा....

मात-पिता की सेवा और सम्मान करें,
उनकी खुशियों पर सब कुछ कुर्बान करें।
हां, उनकी खुशियों पर सब कुछ कुर्बान करें।
अच्छे कर्म का अच्छा परिणाम प्रभु,
करते हैं हम शुरु आज का काम प्रभु।
सुबह सवेरे लेकर तेरा....

शुद्ध भाव से तेरा ध्यान लगाएं हम,
विद्या का वरदान तुम्हीं से पाए हम।
हाँ, विद्या का वरदान तुम्हीं से पाए हम।
तुम्ही से है आगाज़ तुम्हीं से अंजाम प्रभु,
करते है हम शुरु आज का काम प्रभु।
सुबह सवेरे लेकर तेरा.....

गुरुओं का सत्कार कभी न भूले हम,
इतना बनें महान गगन को छु ले हम।
हाँ, इतना बनें महान गगन को छु ले हम।
तुम्हीं से है हर सुबह तुम्ही से शाम प्रभु,
करते है हम शुरु आज का काम प्रभु।
सुबह सवेरे लेकर तेरा.......!

## बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार ,
तुझको शत-शत वंदन बिहार..!

तू वाल्मीकि की रामायण
तू वैशाली का लोकतंत्र,
तू बोधिसत्व की करूणा है
तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप
तू हीं अक्षत चंदन बिहार

तू है अशोक की धर्मध्वजा
तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह
तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि
धरती का नंदन वन बिहार।

तेरी गौरव गाथा अपूर्व
तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान
अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार
मेरे भारत के कंठहार ॥

## राष्ट्रीय गीत (190 सेकंड)

वन्दे मातरम्।
सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम्,
शस्यश्यामलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
शुभ्रज्योत्स्ना पुलकित यामिनीम्,
फुल्लकुसुमित द्रुमदलशोभिनीम्,
सुहासिनीं सुमधुर भाषिणीम्,
सुखदां वरदां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
कोटि-कोटि कण्ठ कलकल निनाद कराले,
कोटि-कोटि भुजैर्धृत खरकरवाले,
अबला केनो मा एतो बले?
बहुबलधारिणीं नमामि तारिणीं,
रिपुदलवारिणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि विद्या, त्वं हि धर्म,
त्वं हि हृदि, त्वं हि मर्म,
त्वं हि प्राणाः शरीरे।
बाहुते त्वं मा शक्ति,
हृदये त्वं मा भक्ति,
तोमारइ प्रतिमा गढ़ि
मन्दिरे-मन्दिरे।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि दुर्गा दशप्रहरणधारिणी,
कमला कमलदलविहारिणी,
वाणी विद्यादायिनी नमामि त्वाम्।
नमामि कमलाम् अमलाम् अतुलाम्,
सुजलां सुफलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
श्यामलां सरलां सुस्मितां भूषिताम्,
धरणीं भरणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥

## राष्ट्रगान

जन-गण-मन अधिनायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा
द्रविड़-उत्कल-बंग।
विंध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा
उच्छल-जलधि-तरंग।
तव शुभ नामे जागे,
तव शुभ आशिष मांगे,
गाहे तव जय-गाथा।
जन-गण-मंगलदायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
जय हे, जय हे, जय हे,
जय जय जय जय हे।।

संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर,
बगहा-2, प. चंपारण।



# संविधान की प्रस्तावना

हम, भारत के लोग,
भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को: सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर, 1949 ई० (मिति मार्ग शीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

# मौलिक अधिकार

1. "समता का अधिकार (Right to Equality.)" - अनुच्छेद 14–18
2. "स्वतंत्रता का अधिकार - (Right to Freedom.)" - अनुच्छेद 19–22
3. "शोषण के विरुद्ध अधिकार (Right against Exploitation.)" - अनुच्छेद 23–24
4. "धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (Right to Freedom of Religion.)" - अनुच्छेद 25–28
5. "संस्कृति एवं शिक्षा संबंधी अधिकार (Cultural and Educational Right.)" - अनुच्छेद 29–30
6. "संवैधानिक उपचारों का अधिकार (Right to Constitutional Remedies.)" - अनुच्छेद 32

# मौलिक कर्तव्य

अनुच्छेद 51(क) – मौलिक कर्तव्य:
भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह –
(1.) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे;
(2.) स्वतन्त्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आन्दोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे;
(3.) भारत की प्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे;
(4.) देश की रक्षा करे और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे;
(5.) भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो; ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध हैं;
(6.) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्त्व समझे और उसका परिरक्षण करे;
(7.) प्राकृतिक पर्यावरण, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव हैं, की रक्षा करे और उसका संवर्धन करे तथा प्राणिमात्र के प्रति दयाभाव रखे;
(8.) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे;
(9.) सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करे और हिंसा से दूर रहे;
(10.) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करे जिससे राष्ट्र निरन्तर बढ़ते हुए प्रयत्नों द्वारा उन्नति की नई ऊँचाइयों को छू ले;
(11.) यदि वह माता-पिता या संरक्षक है, तो छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले अपने, यथास्थिति, बच्चे या प्रतिपाल्य को शिक्षा के अवसर प्रदान करे।

# वर्ग:- प्राथमिक (1 - 5) के लिए

# सामान्य-ज्ञान

प्रश्न 1: संयुक्त राज्य अमेरिका (USA) की राजधानी कहाँ है?
उत्तर: वाशिंगटन डी.सी.
प्रश्न 2: भारत का सबसे बड़ा राज्य (क्षेत्रफल के अनुसार) कौन सा है?
उत्तर: राजस्थान
प्रश्न 3: बिहू किस राज्य का प्रसिद्ध लोक त्योहार है?
उत्तर: असम
प्रश्न 4: 5 का घन $(5)^3$ कितना होगा ?
उत्तर: 625
प्रश्न 5: बिहार का राजकीय पक्षी कौन सा है?
उत्तर: गौरैया (House Sparrow)
प्रश्न 6: भारत का राष्ट्रीय पशु कौन सा है?
उत्तर: बाघ (रॉयल बंगाल टाइगर)
प्रश्न 7: टेलीफोन का आविष्कार किसने किया?
उत्तर: अलेक्जेंडर ग्राहम बेल
प्रश्न 8: भारत का राष्ट्रीय ध्वज किसने डिजाइन किया था?
उत्तर: पिंगली वेंकैया
प्रश्न 9: "जल" का पर्यायवाची शब्द क्या है?
उत्तर: पानी, नीर
प्रश्न 10: स्वस्थ मनुष्य के शरीर में कुल कितनी हड्डियाँ होती हैं? उत्तर: 206 (शिशु अवस्था में यह संख्या लगभग 300 होती है)

संकलन:-

पिन्टू कुमार
विद्यालय अध्यापक
UHS रामपुर, बगहा-2

# शब्द - संगम

Ring (रिंग) – घंटी बजना / बजाना
Rang (रैंग) – घंटी बजी / बजाई
Rung (रंग) – घंटी बजाई गई / बज चुकी

Stick (स्टिक) – चिपकाना / चिपकना
Stuck (स्टक) – चिपकाया / चिपका
Stuck (स्टक) – चिपकाया गया

Strike (स्ट्राइक) – प्रहार करना / हड़ताल करना
Struck (स्ट्रक) – प्रहार किया
Struck (स्ट्रक) – प्रहार किया गया


संकलन:-
सौरभ कुमार
विद्यालय अध्यापक
Govt. UMS गोइती
बगहा-2, प. चम्पारण

# English गप-शप

थीम: Daily Actions (दैनिक क्रियाएँ)

मैं पढ़ाई कर रहा/रही हूँ। – I am studying.
मैं लिख रहा/रही हूँ। – I am writing.
मैं किताब पढ़ रहा/रही हूँ। – I am reading a book.
मैं चित्र बना रहा/रही हूँ। – I am drawing a picture.


संकलन:-
सुनील कुमार राम
प्रधान शिक्षक
Govt. PS चिउटाहां
बगहा-2, प. चम्पारण

# "सामान्य-ज्ञान"(वर्ग:6-12)

1. 09 मार्च को 'अग्नि सुरक्षा' और 'धूम्रपान निषेध' के प्रति जागरूकता हेतु कौन सा महत्वपूर्ण दिवस मनाया जाता है? (दिवस ज्ञान)
उत्तर: नो स्मोकिंग डे (No Smoking Day)
व्याख्या: मार्च के दूसरे बुधवार (जो 2026 में 11 मार्च को है, परंतु जागरूकता सप्ताह 9 मार्च से प्रारंभ होता है) को 'धूम्रपान निषेध दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य फेफड़ों के स्वास्थ्य के प्रति सचेत करना है। इसके अतिरिक्त, कुछ क्षेत्रों में स्थानीय आपदा न्यूनीकरण दिवस भी आयोजित किए जाते हैं।
संदर्भ: World Health Organization (WHO) Calendar 2026.

2. हाल ही में 'बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण' (BSDMA) ने किस नई तकनीक को आकाशीय बिजली (वज्रपात) की सटीक सूचना हेतु अपडेट किया है? (समसामयिकी)
उत्तर: इंद्रवज्र 2.0 ऐप
व्याख्या: बिहार सरकार ने वज्रपात से होने वाली मौतों को रोकने के लिए 'इंद्रवज्र' ऐप का उन्नत संस्करण जारी किया है। यह ऐप 40 मिनट पहले संभावित वज्रपात की चेतावनी देता है। प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बिहार की यह तकनीकी पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है।
संदर्भ: Bihar State Disaster Management Authority (Mar 2026).

3. "द वेल्थ ऑफ नेशंस" (The Wealth of Nations) पुस्तक के लेखक कौन हैं? (पुस्तक - लेखक)
उत्तर: एडम स्मिथ
व्याख्या: 1776 में प्रकाशित यह पुस्तक आधुनिक अर्थशास्त्र का आधार मानी जाती है। एडम स्मिथ को 'अर्थशास्त्र का जनक' कहा जाता है। इस पुस्तक में 'मुक्त बाजार' और 'श्रम विभाजन' की अवधारणा दी गई है, जो वाणिज्य और अर्थशास्त्र के छात्रों के लिए मौलिक है।
संदर्भ: NCERT Class 10 Social Science (Economics), Ch 1.

4. पृथ्वी की सतह के ऊपर 'ओजोन छिद्र' (Ozone Hole) सर्वप्रथम कहाँ देखा गया था? (पर्यावरण)
उत्तर: अंटार्कटिका
व्याख्या: 1980 के दशक में वैज्ञानिकों ने अंटार्कटिका के ऊपर ओजोन परत में भारी कमी देखी थी। क्लोरोफ्लोरोकार्बन (CFC) गैसें इसके लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं। ओजोन परत हमें पराबैंगनी किरणों से बचाती है, जिसका संरक्षण वैश्विक चुनौती है।
संदर्भ: NCERT Class 8 Science, Ch 18 (Pollution of Air and Water), p. 243.

5. 'गदर पार्टी' की स्थापना 1913 में कहाँ की गई थी? (इतिहास)
उत्तर: सैन फ्रांसिस्को (USA)
व्याख्या: लाला हरदयाल और सोहन सिंह भकना ने अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में गदर पार्टी की स्थापना की थी। इसका उद्देश्य सशस्त्र क्रांति के माध्यम से भारत को ब्रिटिश शासन से मुक्त कराना था। यह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिकारी चरण का महत्वपूर्ण हिस्सा है।
संदर्भ: NCERT Class 8 History, Ch 9 (The Making of National Movement), p. 114.

6. सौरमंडल का 'सबसे गर्म ग्रह' कौन सा है? (भूगोल)
उत्तर: शुक्र (Venus)
व्याख्या: शुक्र सौरमंडल का सबसे गर्म ग्रह है, जबकि बुध सूर्य के सबसे निकट है। इसका कारण शुक्र के वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड (CO_2) की अत्यधिक सांद्रता है, जो 'ग्रीनहाउस प्रभाव' पैदा करती है। इसे 'भोर का तारा' भी कहा जाता है।
संदर्भ: NCERT Class 6 Geography, Ch 1 (The Earth in the Solar System), p. 4.

7. भारतीय संविधान का 'अनुच्छेद 17' क्या समाप्त करता है? (संविधान)
उत्तर: अस्पृश्यता (Un-touchability)
व्याख्या: अनुच्छेद 17 अस्पृश्यता (छुआछूत) का उन्मूलन करता है और इसे किसी भी रूप में अभ्यास करना दंडनीय अपराध घोषित करता है। यह मौलिक अधिकार सामाजिक समानता और मानवीय गरिमा को स्थापित करने के लिए भारतीय संविधान की एक क्रांतिकारी विशेषता है।
संदर्भ: NCERT Class 8 Civics, Ch 1 (The Indian Constitution), p. 14.

8. 'कोशिका का पावरहाउस' (Powerhouse of the Cell) किसे कहा जाता है? (विज्ञान)
उत्तर: माइटोकॉन्ड्रिया (Mitochondria)
व्याख्या: माइटोकॉन्ड्रिया को कोशिका का बिजलीघर कहा जाता है क्योंकि यह कोशिकीय श्वसन के माध्यम से ऊर्जा (ATP के रूप में) उत्पन्न करता है। यह जटिल जीवन प्रक्रियाओं के लिए आवश्यक ऊर्जा प्रदान करने वाला मुख्य अंगक है।
संदर्भ: NCERT Class 9 Science, Ch 5 (The Fundamental Unit of Life), p. 65.

9. 'हॉर्नबिल महोत्सव' भारत के किस राज्य में मनाया जाता है? (कला एवं संस्कृति)
उत्तर: नागालैंड
व्याख्या: 'त्योहारों का त्योहार' कहा जाने वाला हॉर्नबिल महोत्सव नागालैंड की जनजातीय संस्कृति, संगीत और कला का प्रदर्शन करता है। यह दिसंबर में मनाया जाता है, लेकिन इसकी सांस्कृतिक प्रासंगिकता भारत की 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को दर्शाती है।
संदर्भ: NCERT Class 11 Fine Arts (Cultural Traditions).

10. बिहार के किस जिले में 'ककोलत जलप्रपात' स्थित है? (बिहार GK)
उत्तर: नवादा
व्याख्या: ककोलत जलप्रपात बिहार के नवादा जिले में स्थित एक सुंदर प्राकृतिक प्रपात है। इसे बिहार का 'नियाग्रा' भी कहा जाता है। यह पर्यटन और स्थानीय भूगोल के अध्ययन के लिए महत्वपूर्ण स्थल है, जो अपनी ठंडी जलवायु के लिए प्रसिद्ध है।
संदर्भ: SCERT Bihar Class 9 Geography; Bihar Tourism.

# "सामान्य-ज्ञान"

11. विद्यालय में अगलगी की स्थिति से निपटने के लिए "आपातकालीन निकासी योजना" में क्या-क्या शामिल होना चाहिए? (विद्यालय सुरक्षा मार्च W1)
उत्तर: आपातकालीन निकासी योजना में निकासी मार्गों का चिन्हांकन, आपातकालीन निकास द्वार, एकत्रीकरण स्थल (असेंबली प्वाइंट), भूमिका-निर्धारित ड्यूटी (फायर वार्डन), मॉकड्रिल की समय-सारणी, और दिव्यांग छात्रों के लिए विशेष प्रावधान शामिल होने चाहिए।
एक प्रभावी निकासी योजना में निम्नलिखित तत्व आवश्यक हैं:
1. निकासी मार्गों का स्पष्ट चिन्हांकन: फोटोल्यूमिनसेंट साइनेज (अंधेरे में चमकने वाले संकेत) लगाए जाएं। 2. आपातकालीन निकास द्वार: ये हमेशा खुले रहने चाहिए और कभी बंद नहीं होने चाहिए। 3. एकत्रीकरण स्थल: विद्यालय से सुरक्षित दूरी पर खुला स्थल निर्धारित हो। 4. फायर वार्डन की

12. यदि किसी कूट भाषा में 'MATH' को '13-1-20-8' लिखा जाता है, तो उसी भाषा में 'SCIENCE' का कुल योग (Sum of letters) क्या होगा? (मानसिक योग्यता)
उत्तर: 58
व्याख्या: अक्षरों के वर्णमाला क्रम के अनुसार: S=19, C=3, I=9, E=5, N=14, C=3, E=5。
इन सबका योग: 19+3+9+5+14+3+5 = 58 होता है。 यह प्रश्न हाई स्कूल स्तर के छात्रों के लिए कोडिंग-डिकोडिंग और त्वरित गणना क्षमता विकसित करने हेतु बनाया गया है。
संदर्भ: NTSE Mental Ability Practice 2026.

GK संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर
बगहा-2, प. चम्पारण ।



अनुभाग-4

## -: शब्द - संगम :-

Ample (एम्पल) = Sufficient (सफिशिएंट) = पर्याप्त
Antonym – Insufficient (इनसफिशिएंट) = अपर्याप्त
Diligent (डिलिजेंट) = Hardworking (हार्डवर्किंग) = परिश्रमी
Antonym – Lazy (लेज़ी) = आलसी
Hinder (हिन्डर) = Obstruct (ऑब्स्ट्रक्ट) = बाधा डालना
Antonym – Assist (असिस्ट) = सहायता करना
Perish (पेरिश) = Die (डाई) = नष्ट हो जाना / मर जाना
Antonym – Survive (सरवाइव) = जीवित रहना
Reluctant (रिलक्टन्ट) = Unwilling (अनविलिंग) = अनिच्छुक
Antonym – Willing (विलिंग) = इच्छुक



~: संकलन :~
राकेश कुमार राव
प्रधानाध्यापक
PMश्री +2 NGY उच्च विद्यालय
वाल्मीकिनगर, बगहा-2 , प. चम्पारण ।

# "आज का अख़बार"

## NATIONAL NEWS

India posts record 255/5 in T20 World Cup 2026 final against New Zealand at Narendra Modi Stadium, Ahmedabad; Sanju Samson's 89 and Shivam Dube's late blitz key to highest score in WC final history.
भारत ने टी20 विश्व कप 2026 फाइनल में अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ रिकॉर्ड 255/5 बनाया; संजू सैमसन का 89 और शिवम दुबे की अंतिम तूफानी पारी से WC फाइनल में सर्वाधिक स्कोर।

Nitish Kumar's son Nishant Kumar officially joins JD(U) in Patna; vows to carry forward father's developmental works for Bihar amid speculation on future leadership.
नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार ने पटना में आधिकारिक रूप से JD(U) जॉइन किया; पिता के विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प, राज्य नेतृत्व पर अटकलें।

PM Modi vows to defeat Trinamool Congress's 'arrogant' politics after alleged protocol lapses at President Murmu's event in West Bengal; Centre seeks report from state govt.
पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति मुर्मू के कार्यक्रम में कथित प्रोटोकॉल उल्लंघन के बाद तृणमूल कांग्रेस की 'अहंकारी' राजनीति को हराने की कसम खाई; केंद्र ने राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी।

## INTERNATIONAL NEWS

Iran prepares to name new Supreme Leader after Assembly of Experts reaches consensus; US-Israel strikes hit Tehran oil facilities for first time, Trump demands unconditional surrender.
ईरान नए सुप्रीम लीडर के नाम की घोषणा की तैयारी में, एक्सपर्ट्स असेंबली ने [illegible] बनाया; अमेरिका-इज़राइल ने तेहरान के तेल सुविधाओं पर पहली बार हमला, ट्रंप ने बिना शर्त समर्पण की मांग की।

Israel strikes Iranian oil and fuel infrastructure linked to Revolutionary Guard; protests erupt in New York, Washington against US-Israel war on Iran amid regional escalation.
इज़राइल ने रिवॉल्यूशनरी गार्ड से जुड़ी ईरानी तेल और ईंधन सुविधाओं पर हमला; अमेरिका-इज़राइल युद्ध के खिलाफ न्यूयॉर्क, वाशिंगटन में विरोध प्रदर्शन, क्षेत्रीय तनाव बढ़ा।

UN warns of 'grave peril' for civilians in Iran war; over 1,300 killed in strikes, Gulf nations report drone attacks and oil price surge continues globally.
संयुक्त राष्ट्र ने ईरान युद्ध में नागरिकों के लिए 'गंभीर खतरा' की चेतावनी दी; हमलों में 1,300+ मारे गए, खाड़ी देशों में ड्रोन हमले, वैश्विक तेल कीमतें बढ़ीं।

## BIHAR NEWS

Nishant Kumar joins JD(U) amid Nitish Kumar's Rajya Sabha shift; CPI(ML) warns of potential BJP ideological takeover in Bihar politics post-Nitish era.
निशांत कुमार ने JD(U) जॉइन किया, नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के बीच; सीपीआई(एमएल) ने नीतीश युग के बाद बिहार में भाजपा के वैचारिक कब्जे की चेतावनी दी।

Samrat Choudhary, top BJP prospect for Bihar CM, to meet Amit Shah in West Bengal; discussions on post-Nitish leadership amid ongoing political transitions.
बिहार सीएम के लिए शीर्ष भाजपा दावेदार सम्राट चौधरी पश्चिम बंगाल में अमित शाह से मिलेंगे; नीतीश के बाद नेतृत्व पर चर्चा, राजनीतिक बदलाव जारी।

## SPORTS NEWS

T20 World Cup 2026 Final: India dominates with 255/5; New Zealand struggles in chase, early wickets fall as India on brink of historic third title.
टी20 विश्व कप 2026 फाइनल: भारत ने 255/5 के साथ दबदबा बनाया; न्यूजीलैंड पीछा में संघर्ष, शुरुआती विकेट गिरे, भारत ऐतिहासिक तीसरे खिताब के करीब।

Ricky Martin headlines T20 World Cup 2026 closing ceremony with Falguni Pathak, Sukhbir Singh at Narendra Modi Stadium; event follows high-stakes India-NZ final.
रिकी मार्टिन ने फाल्गुनी पाठक, सुखबीर सिंह के साथ टी20 विश्व कप 2026 क्लोजिंग सेरेमनी में परफॉर्म किया; नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत-एनजेड फाइनल के बाद आयोजन।



संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
रा.प्रा.वि. बोदसर,
बगहा-2, प. चम्पारण ।

✍️संदेश:

"करेंट अफेयर्स का नियमित अध्ययन ही प्रतियोगी सफलता की सबसे मजबूत नींव है।"

# प्रेरक कहानी
# “सही दिशा”

सोमवार की सुबह थी। विद्यालय में प्रार्थना सभा के बाद आठवीं कक्षा के छात्रों के बीच हल्की-हल्की बातचीत चल रही थी। सप्ताह की शुरुआत थी, लेकिन अधिकांश बच्चों के चेहरे पर उत्साह कम और थकान अधिक दिखाई दे रही थी।

तभी कक्षा में उनके शिक्षक वर्मा सर आए। उन्होंने बच्चों के उदास चेहरे देखे और मुस्कुराते हुए पूछा—

“क्या बात है बच्चों? सोमवार आते ही सबके चेहरे ऐसे क्यों हो जाते हैं, जैसे कोई बड़ी समस्या आ गई हो?”

रवि बोला, “सर, रविवार के बाद फिर वही पढ़ाई, वही होमवर्क... लगता है जैसे दौड़ शुरू हो गई है।”

वर्मा सर ने बोर्ड पर एक छोटा-सा तीर (→) बनाया और पूछा— “बताओ, यह क्या है?”

सबने कहा, “सर, यह तीर है।”

सर बोले, “हाँ, लेकिन तीर का असली काम क्या है?”

सीमा ने कहा, “सर, लक्ष्य की ओर जाना।”

वर्मा सर मुस्कुराए और बोले— “बिलकुल सही! तीर कभी पीछे नहीं जाता, हमेशा आगे बढ़ता है। सोमवार भी ऐसा ही होता है। यह हमें याद दिलाता है कि जीवन में हर सप्ताह एक नया लक्ष्य पाने का अवसर है।”

फिर उन्होंने बच्चों से कहा— “सोचो, अगर हर सोमवार हम यह तय करें कि इस सप्ताह हमें एक नई चीज़ सीखनी है, एक अच्छी आदत अपनानी है और एक गलती सुधारनी है, तो एक साल में हम कितने बदल जाएंगे!”

अब बच्चों के चेहरे खिल उठे।

रवि ने उत्साहित होकर कहा— “सर, इस सप्ताह मैं रोज़ समय पर पढ़ाई शुरू करूंगा।”

सीमा बोली— “मैं हर दिन 10 नए अंग्रेज़ी शब्द सीखूंगी।”

वर्मा सर ने कहा— “यही है सोमवार की असली ताकत। जो व्यक्ति हर नए दिन को नई शुरुआत मानता है, वही जीवन में आगे बढ़ता है।”

घंटी बजी और बच्चे नई ऊर्जा के साथ अपनी कक्षा में बैठ गए। आज सोमवार उन्हें बोझ नहीं, एक नई दिशा जैसा लग रहा था।

प्रेरक संदेश: “जीवन की दौड़ में सबसे महत्वपूर्ण बात तेज़ दौड़ना नहीं, बल्कि सही दिशा में चलना है।”



................✍️
मनोज कुमार
प्रधानाध्यापक
रा.म.वि.वाल्मीकिनगर
बगहा 2, प. चम्पारण।

अनुभाग-7

# "शिक्षक संवर्धन"

## "वार्षिक मूल्यांकन हेतु छात्रों को कैसे तैयार करें ?"

बिहार के सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों के लिए वार्षिक मूल्यांकन की तिथि का निर्धारण एस सी ई आर टी बिहार, पटना द्वारा किया जा चुका है तथा सत्र 2025-26 के लिए 12 मार्च 2026 से मूल्यांकन कार्य आरंभ है। उक्त मूल्यांकन में छात्रों को अच्छी तैयारी कराने के लिए हम शिक्षकों को कुछ व्यवस्थित कदम अपनाने की आवश्यकता है ताकि छात्रों का परिणाम भी अच्छा हो और उनके सीखने का वास्तविक परिणाम प्राप्त हो।

सबसे पहले छात्रों और शिक्षकों को मूल्यांकन से संबंधित पाठ्यक्रम की स्पष्ट जानकारी होनी चाहिए। इसके लिए पूरे साल के पाठ्यक्रम को देखना होगा फिर यह तय करना होगा कि वार्षिक परीक्षा में कौन-कौन से अध्याय से प्रश्न आएंगे। शिक्षक को छात्रों से महत्वपूर्ण बिंदुओं और कठिन अवधारणाओं की सूची बनवा लेना चाहिए। पाठ्यक्रम से जुड़े महत्वपूर्ण अध्यायों की पुनरावृत्ति इस सप्ताह में कर लेनी चाहिए। सभी विषयों में महत्वपूर्ण प्रश्नों के उत्तर को पुनः रिविजन कराते हुए तैयार करा लेना चाहिए। आवश्यकतानुसार छोटे-छोटे नोट्स बनवाना चाहिए। शिक्षक को श्याम पट पर महत्वपूर्ण अध्यायों का संक्षिप्त सार लिखकर छात्रों को समझाना चाहिए ताकि छात्रों की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा सके। हो सके तो शिक्षक को मॉडल प्रश्नपत्र बनाकर छात्रों से अभ्यास कराना चाहिए। संभव हो तो विगत वर्ष के प्रश्नपत्र या मॉडल पेपर से अभ्यास कराना चाहिए। इसमें मूल्यांकन हस्तक एक महत्वपूर्ण साधन हो सकता है। छात्रों को समय सीमा में प्रश्न हल करने का अभ्यास कराना चाहिए ताकि उनके अंदर वार्षिक मूल्यांकन का भय न रहे। कमजोर बच्चों के लिए अलग से उपचारात्मक शिक्षण की व्यवस्था करनी चाहिए। जो छात्र पढ़ाई में कमजोर हैं, उनके लिए अलग से अभ्यास सेट होना चाहिए। उन छात्रों को सरल भाषा में और ज्यादा उदाहरण देकर समझाया जाना चाहिए।

छात्रों को प्रतिदिन लिखने का अभ्यास कराना चाहिए इसके लिए प्रतिदिन कम से कम चार पांच प्रश्नों के उत्तर लिखने को देना चाहिए। शिक्षक द्वारा छात्रों को उत्तर लिखने का तरीका बताया जाना चाहिए। संभव हो तो छात्रों को छोटे समूहों में चर्चा का अवसर उपलब्ध कराना चाहिए क्योंकि अगर एक छात्र दूसरे को समझाए तो सीखना तेज होता है। शिक्षक को मूल्यांकन के पहले वाले सप्ताह में प्रतिदिन कक्षा में मूल्यांकन हेतु 10 मिनट का एक छोटा जांच आयोजित करना चाहिए। इससे शिक्षक को पता चलेगा कि बच्चे कितना समझ रहे हैं।

शिक्षकों द्वारा छात्रों को प्रेरित करना चाहिए और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। छात्रों को को डाँटने के बजाय प्रोत्साहित करते हुए बताना चाहिए कि आपका मूल्यांकन केवल सीखने की जाँच है जहां आपको ग्रेड प्रदान किया जाएगा। शिक्षक को अभिभावकों से संपर्क कर बताना चाहिए कि वे घर पर भी छात्रों को पढ़ने हेतु प्रेरित करें। अगर शिक्षक विद्यालय में छात्रों की मूल्यांकन प्रक्रिया आरंभ होने के ठीक पहले सप्ताह में ऊपर दिए गए सुझावों के अनुरूप कार्य करते हैं तो विद्यालय में छात्रों की प्रगति जरुर सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ेगी। तो आईए हम अपने विद्यालय में छात्रों को वार्षिक मूल्यांकन हेतु तैयार करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम बढ़ायें।

.................✍️

**मनोज कुमार झा**

प्रधानाध्यापक

राज़कीयकृत म.वि. सर्वोदय

बेतिया, प. चम्पारण।



आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏

अनुभाग-8

# कैरियर मार्गदर्शन श्रृंखला: पत्र संख्या - 06

## "(मैट्रिक के बाद – आईटीआई : Fitter Trade)"

## 'संपादकीय'

प्रिय विद्यार्थियों,

यदि आपने मैट्रिक उत्तीर्ण किया है और तकनीकी क्षेत्र में व्यावहारिक कौशल के साथ जल्दी रोजगार प्राप्त करना चाहते हैं, तो आईटीआई – Fitter Trade एक अत्यंत उपयोगी और लोकप्रिय कोर्स है। इस कोर्स में मशीनों के विभिन्न पुर्जों को जोड़ना, फिटिंग करना, ड्रिलिंग, कटिंग, ग्राइंडिंग, माप-उपकरणों का उपयोग तथा मशीनों की मरम्मत का प्रशिक्षण दिया जाता है। उद्योगों में इसकी मांग हमेशा बनी रहती है।

अर्हता: मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं उत्तीर्ण। सामान्यतः गणित और विज्ञान विषय होना लाभकारी माना जाता है।

नामांकन प्रक्रिया: बिहार में आईटीआई में प्रवेश राज्य स्तर की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से होता है। इसके लिए श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार द्वारा अधिसूचना जारी की जाती है। कौशल प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी के लिए Ministry of Skill Development and Entrepreneurship (skillindia.gov.in) तथा apprenticeshipindia.gov.in उपयोगी पोर्टल हैं।

मान्यता एवं संस्थान: केवल NCVT/SCVT से मान्यता प्राप्त संस्थानों में ही नामांकन करना चाहिए। व्यावसायिक प्रशिक्षण के मानक Directorate General of Training द्वारा निर्धारित किए जाते हैं। बिहार के लगभग सभी जिलों में सरकारी आईटीआई संस्थान संचालित हैं।

कोर्स अवधि: सामान्यतः 2 वर्ष।

रोजगार की संभावना: मैन्युफैक्चरिंग कंपनियाँ, ऑटोमोबाइल उद्योग, रेलवे वर्कशॉप, मशीन टूल्स उद्योग, निजी फैक्ट्री एवं उत्पादन इकाइयाँ, अनुभव प्राप्त करने के बाद आप स्वयं की मशीन रिपेयरिंग वर्कशॉप भी शुरू कर सकते हैं। प्रारंभिक आय ₹12,000–20,000 प्रतिमाह से शुरू हो सकती है।

उच्चतर अवसर: आईटीआई के बाद अप्रेंटिसशिप, रेलवे टेक्निकल पद, रक्षा उत्पादन इकाइयाँ, तथा पॉलिटेक्निक में लेटरल एंट्री जैसे अवसर भी उपलब्ध होते हैं।

वित्तीय सहायता: तकनीकी कोर्स के लिए बिहार सरकार की स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना (drcc.bihar.gov.in) से ऋण प्राप्त किया जा सकता है। छात्रवृत्ति के लिए National Scholarship Portal (scholarships.gov.in) पर विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपलब्ध है।

विशेष सुझाव: यह कोर्स उन विद्यार्थियों के लिए उपयुक्त है जिन्हें मशीनों, उपकरणों और तकनीकी कार्यों में रुचि होती है। प्रशिक्षण के दौरान अधिक से अधिक व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का प्रयास करें।

अगले पत्र में हम इंटरमीडिएट के बाद के कोर्स B.Sc. (Bachelor of Science) के बारे में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करेंगे। आपके उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ।

..................

शैलेन्द्र कुमार

प्रधान शिक्षक

रा.प्रा.वि. बोदसर, बगहा-2



Reg. No. BR/2025/0487469

# "चम्पारण-ज्ञानाग्रह"

## आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏

# Thank You..

## बच्चों के हितार्थ अपना बहुमूल्य समय देने के लिए...!!!




**संपादक:-**

**शैलेन्द्र कुमार**

'प्रधान शिक्षक'

Govt. PS बोदसर,
बगहा-2, प. चम्पारण।
(10010803702)

📱-9939671700


अगर आपके मन में कोई नया विचार, कोई इवेंट, कोई एक्टिविटी या किसी बदलाव की पहल है, तो कृपया टीम में बताइए।


+917250818080

teachersofbihar@gmail.com

+917250818080

www.teachersofbihar.org